# जनपद शामली पुलिस

**--सोशल मीडिया सेल शामली--**

**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक 24.09.2024**

**थाना कैराना पुलिस द्वारा दहेज हत्या के मामले में वाछिंत अभियुक्त व अभियुक्ता गिरफ्तारः-**

आज दिनांक 24.09.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस द्वारा दहेज हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त व अभियुक्ता को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्त ओमवीर को दिनाँक 16.09.2024 को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

ज्ञात हो कि दिनांक 17.02.2024 को वादी श्री दिनेश कुमार पुत्र खेमचन्द निवासी ग्राम सिक्का थाना आदर्शमंडी जनपद शामली ने अपनी पुत्री के सुसरालियों पर दहेज की मांग करना व दहेज न देने पर पुत्री की हत्या करने के सम्बन्ध में थाना कैराना पर लिखित तहरीर दी गई। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना में लिप्त अभियुक्तगण की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश प्रभारी निरीक्षक कैराना को दिये गये थे।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त/अभियुक्ताः-**

1.कविन्द्र पुत्र ओमवीर निवासी ग्राम अलीपुर थाना कैराना जनपद शामली।

2.श्रीमती राम कटोरी पत्नी ओमवीर निवासी ग्राम अलीपुर थाना कैराना जनपद शामली।



**थाना कांधला पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध हथियार व कारतूस बरामदः-**

दिनांक 24.09.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कांधला पुलिस को 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुयी है, जिसके कब्जे से 01 अवैध तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.शाहिल पुत्र राजेश निवासी ग्राम कुराड थाना सनौली जनपद पानीपत हरियाणा।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.अवैध 01 तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर।



**<u>थाना कांधला पुलिस द्वारा 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से नाजायज चाकू बरामदः-</u>**

दिनांक 23.09.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कांधला पुलिस द्वारा 02 अभियुक्तों को 02 चाकू नाजायज सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुयी है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>**

1.मोमीन पुत्र उमरदीन निवासी मौहल्ला इस्लामनगर थाना कांधला जनपद शामली।

2.साहिल पुत्र फारुख निवासी मौहल्ला महबूबनगर थाना कांधला जनपद शामली।

**<u>बरामदगी का विवरणः-</u>**

1.दो चाकू नाजायज।



**<u>थाना कैराना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध हथियार व कारतूस बरामदः-</u>**

दिनांक 23.09.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कैराना पुलिस को 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुयी है, जिसके कब्जे से 01 अवैध तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>**

1.राशिद उर्फ आदिल पुत्र सरफराज निवासी ग्राम लुहारी थाना थानाभवन जनपद शामली।

**<u>बरामदगी का विवरणः-</u>**

1.अवैध 01 तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर।



**थाना थानाभवन पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत अलग-अलग 06 स्थानों से व थाना कांधला क्षेत्रान्तर्गत 01 स्थान से ट्यूबवैल/नलकूप व खेतों से पेड़ चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण कर 05 शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से ट्यूबवैल/नलकूप से चोरी किया सामान, चोरी किये गये पेड़ों के टुकड़े, अवैध हथियार व कारतूस, चोरी में प्रयुक्त सामान व पिकअप बरामदः-**

ज्ञात हो कि थाना थानाभवन क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नांगल, सोन्टा रसूलपुर, हरड़ फतेहपुर में टयूबवैल/नलकूपो से, ग्राम हरड़ फतेहपुर में खेत से पॉपुलर पेड़ तथा थाना कांधला क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पंजोखरा में खेत से पॉपुलर पेड़ अज्ञात चोरो द्वारा चोरी करने के संबंध में थाना थानाभवन/थाना कांधला पर सुसंगत धाराओ में अभियोग पंजीकृत किये गये थे। श्रीमान पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण हेतु टीमों का गठन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये थे। थाना थानाभवन पुलिस द्वारा घटना में लिप्त अभियुक्तगण की तलाश की जा रही थी।

इसी क्रम में आज दिनांक 24.09.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे चोरी की घटनाओं का अनावरण एवं चोरी की घटनाओं में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन के कुशल नेतृत्व में थाना थानाभवन पुलिस द्वारा थाना थानाभवन क्षेत्रान्तर्गत अलग-अलग 06 स्थानो व थाना कांधला क्षेत्रान्तर्गत 01 स्थान से ट्यूबवैल/नलकूप व खेतों से पेड़ चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुये घटना में शामिल 05 शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के कब्जे से ट्यूबवैल/नलकूप से चोरी किया हुआ सामान व पेड़ो के टुकड़े तथा 02 अवैध तमंचे मय 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 03 छुरे व घटना में प्रयुक्त पिकअप बरामद हुई है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना थानाभवन पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्तगण के अन्य आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः-**

1.लोकेन्द्र पुत्र सोम सिंह निवासी ग्राम इस्लामपुर घसौली थाना कांधला जनपद शामली।
2.रविन्द्र पुत्र सोम सिंह निवासी ग्राम इस्लामपुर घसौली थाना कांधला जनपद शामली।
3.राहुल पुत्र सोम सिंह निवासी ग्राम इस्लामपुर घसौली थाना कांधला जनपद शामली।
4.संजय पुत्र सोम सिंह निवासी ग्राम इस्लामपुर घसौली थाना कांधला जनपद शामली।
5.प्रवीन पुत्र ईश्वर निवासी ग्राम इस्लामपुर घसौली थाना कांधला जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.दो अवैध तमंचे मय 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर।
2.पेड़ काटने का आरा।
3.चोरी किये हुये पेड़ों के 57 टुकड़े।
4.तीन केबिल के बण्डल।
5.कटाउट की पत्तिया 30।
6.ताँबे का तार 04 किलो ग्राम।
7.तीन अवैध छुरे।
8.चोरी की घटना में प्रयुक्त पिकअप गाड़ी रजि0नं0 UP19T3860
9.पिलास,पेंचकस व हथौड़ी।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्तगण उपरोक्तः-**

1.मु0अ0सं0 246/2024 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना थानाभवन जनपद शामली।
2.मु0अ0सं0 253/2024 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना थानाभवन जनपद शामली।

3.मु0अ0सं0 282/2024 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना थानाभवन जनपद शामली।

4.मु0अ0सं0 304/2024 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना थानाभवन जनपद शामली।

5.मु0अ0सं0 320/2024 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना थानाभवन जनपद शामली।

6.मु0अ0सं0 350/2024 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना थानाभवन जनपद शामली।

7.मु0अ0सं0 318/2024 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना कांधला जनपद शामली।



**<u>थाना कैराना पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 04 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारः-</u>**

आज दिनांक 24.09.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कैराना पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 04 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में सम्बनधित थाने पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>**

1.जुल्फान पुत्र मूदा निवासी ग्राम इस्सोपुर खुरगान थाना कैराना जनपद शामली।

2.बिलाल पुत्र मुंशी निवासी ग्राम नंगला राई थाना कैराना जनपद शामली।

3.लक्खा सिंह पुत्र मेवा सिंह निवासी ग्राम मामौर थाना कैराना जनपद शामली।

4.गुरदयाल पुत्र मेवा सिंह निवासी ग्राम मामौर थाना कैराना जनपद शामली।



**<u>SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI</u>**